# CLASS 10TH हिन्दी



## 1.श्रम-विभाजन और जाती प्रथा (निबंध )

## (लेखक - डॉ.भीमराव अम्बेडकर )

### सारांश और प्रश्न उत्तर याद करने की ट्रिक



1. "क" – कुशलता ज़रूरी है
2. "रु" – रुचि नहीं देखी जाती
3."श" – शोषण और ऊँच-नीच
4.श" – शोषण और ऊँच-नीच
5."बा" – बदलाव की आज़ादी नहीं
6."आ" – आदर्श समाज की बात
7."त" – तर्क और विडंबना
8."स" – सपनों की हत्या
9."वि" – वर्तमान समस्या
10."लो" – लोकतंत्र की शर्त

## प्रश्न



1. लेखक किस विडंबना की बात करते हैं ? विडंबना का स्वरूप क्या है ?
2. जातिवाद के पोषक उसके पक्ष में क्या तर्क देते हैं ?
3. जातिवाद के पक्ष में दिए गए तक पर लेखक की प्रमुख आपत्तियाँ क्या हैं ?
4. जाति भारतीय समाज में श्रम विभाजन का स्वाभाविक रूप क्यों नहीं कही जा सकती
5. जातिप्रथा भारत में बेरोजगारी का एक प्रमुख और प्रत्यक्ष कारण कैसे बनी हुई है
6. लेखक आज के उद्योगों में गरीबी और उत्पीड़न से भी बड़ी समस्या किसे मानते हैं और क्यों ?
7. लेखक ने पाठ में किन प्रमुख पहलुओं से जाति प्रथा को एक हानिकारक प्रथा के रूप में दिखाया है ?
8. सच्चे लोकतंत्र की स्थापना के लिए लेखक ने किन विशेषताओं को आवश्यक माना है ?

## सारांश

आज भी हमारे समाज में जातिवाद की सोच मौजूद है, और बहुत से लोग इसके पोषक (समर्थक) बने हुए हैं।
आज का आधुनिक समाज यह मानता है कि किसी भी काम में कुशलता ज़रूरी है, इसलिए हमें लोगों की योग्यता और रुचि को महत्व देना चाहिए।जाति प्रथा असल में श्रम विभाजन (काम का बँटवारा) नहीं, बल्कि भेदभाव का एक रूप है।यह प्रथा काम के साथ-साथ लोगों को ऊँच-नीच में भी बाँट देती है।भारतीय जाति प्रथा की विशेषता यह है कि यह जन्म के आधार पर पेशा तय कर देती है।इसमें किसी इंसान की रुचि, इच्छा या काबिलियत को नहीं देखा जाता।अगर समाज में हमें कुशल और मेहनती लोगों की ज़रूरत है, तो हमें उन्हें मौका और सम्मान देना चाहिए, चाहे वे किसी भी जाति से हों।लेकिन जाति प्रथा का गलत सिद्धांत यह है कि एक बार जो काम मिला, वही जीवन भर करना पड़ेगा।इस विचारधारा में बच्चों का काम उनके माता-पिता की जाति से तय होता है, न कि उनके सपनों या योग्यता से।इससे इंसान को अपने जीवन भर के लिए एक ही काम से बाँध दिया जाता है, भले ही वह उस काम में अच्छा न हो।समय के अनुसार लोगों को अपना पेशा बदलने की ज़रूरत पड़ सकती है, और अगर ऐसा करने की आज़ादी नहीं दी गई तो वह बेरोज़गार या दुखी हो सकता है।हिंदू धर्म की जाति व्यवस्था किसी व्यक्ति को अपनी पसंद से नया या अलग काम चुनने की इजाज़त नहीं देती।इसी कारण से भारत में बेरोज़गारी बढ़ती है, क्योंकि लोग अपनी योग्यता से नहीं, जाति से काम करने को मजबूर होते हैं।इसीलिए जाति प्रथा को आर्थिक रूप से भी नुकसानदायक कहा जाता है।लेखक के अनुसार एक आदर्श समाज वह है जहाँ सबको बराबरी मिले, सब अपनी रुचि से काम कर सकें, और कोई छोटा-बड़ा न हो।सच्चा भाईचारा दूध और पानी के मिश्रण के तरह होता है जो इंसान को जाति नहीं, इंसानियत के आधार पर जोड़ता है।लेकिन लेखक बताते हैं कि विडंबना यह है कि कुछ लोग जातिवाद को सही मानते हैं और उसका बचाव करते हैं।वे कहते हैं कि यह श्रम विभाजन है, लेकिन लेखक मानते हैं कि यह कभी भी स्वाभाविक विभाजन नहीं है, क्योंकि इसमें रुचि और योग्यता की इज्जत नहीं है।इस प्रथा की वजह से कई लोग अपना सपना पूरा नहीं कर पाते, और यही बेरोजगारी का सीधा कारण बनता है।लेखक मानते हैं कि आज के कारखानों और उद्योगों में गरीबी और शोषण से भी बड़ी समस्या जातिवाद का भेदभाव है।इस पाठ में लेखक ने जाति प्रथा को गलत सिद्ध करने के लिए कई बातें कहीं:,यह व्यक्ति की स्वतंत्रता छीनती है,यह योग्यता की हत्या करती है,यह सामाजिक समानता को तोड़ती है,और देश की तरक्की में रुकावट बनती है अंत में लेखक कहते हैं कि अगर हमें सच्चा लोकतंत्र बनाना है, तो हमें हर व्यक्ति को बराबरी, स्वतंत्रता, और न्याय देना होगा – तभी समाज आगे बढ़ेगा।

CHHOTI 4 IN 1 CLASSES

# डॉ.भीमराव अम्बेडकर का जीवन परिचय



संविधान निर्माता
भारत के संविधान के प्रमुख शिल्पका
संविधान मसौदा समिति के अध्यक्ष
1.पूरा नाम: डॉ. भीमराव रामजी अंबेडकर
2.जन्म: 14 अप्रैल 1891,
3.जन्म-स्थान :-महू, मध्य प्रदेश
4.उपनाम :-बाबासाहेब अम्बेदकर
5.पिता का नाम: रामजी सकपाल (ब्रिटिश आर्मी में सूबेदार)
6.माता का नाम: भीमाबाई
7.जाति: महार (अस्पृश्य मानी जाने वाली जाति)
9.शिक्षा:
प्रारंभिक शिक्षा: 5 वी तक की पढ़ाई भारत में पूरी की फिर बड़ौदा नरेश के प्रोत्सहन पर
उच्च शिक्षा के लिये :-एल्फिंस्टन कॉलेज, बॉम्बे से स्नातक
कोलंबिया विश्वविद्यालय(न्यूयार्क ), अमेरिका से एम.ए. और पीएच.डी.
लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स से डी.एससी.
बार एट लॉ (लंदन से कानून की पढ़ाई)
10.मुख्य तीन प्रेरक व्यक्ति :-बुद्ध ,कबीर और ज्योतिबा फूले
11.प्रमुख रचनाएं और भाषण :-

- द कास्ट्स इन इंडिया: देयर मैकेनिज़्म,
- जेनेसिस एंड डेवलपमेंट
- द अनटचेबल्स: हू आर दे?
- हू आर शूद्राज़?
- बुद्धिज़्म एंड कम्युनिज़्म
- बुद्धा एंड हिज धम्मा
- थॉट्स ऑन लिंग्विस्टिक स्टेट्स
- द राइज़ एंड फॉल ऑफ द हिंदू वीमेन
- एनीहिलेशन ऑफ कास्ट

12.सम्पूर्ण वाङ्गमय :-21 खंडों में प्रकशित हुआ
13.विख्यात भाषण :-एनीहिलेशन ऑफ कास्ट (जिसका हिंदी में रूपांतर ललई सिंह यादव ने किया )
नोट :-यह भाषण जातीं -पाती तोड़क मंडल (लाहौर )के वार्षिक सम्मलेन सन (1936 )के अध्यक्षीय भाषण के रूप में तैयार किया गाया था
14.समाज सुधारक:
छुआछूत और जातिवाद के खिलाफ जीवनभर संघर्ष
दलितों को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक अधिकार दिलाने का प्रयास
15.राजनीति में योगदान:सामाजिक न्याय, समानता और मानवाधिकार के पक्षधर"स्वतंत्रता के बाद भारत के पहले कानून मंत्रीबहिष्कृत हितकारिणी सभा” और “समान नागरिक अधिकार” के लिए आंदोलन
16.दलित आंदोलन:
दलित बुद्धिजनों" को शिक्षित करने, संगठित करने और संघर्ष करने का आह्वान "मूकनायक" और "बहिष्कृत भारत" नामक पत्रिकाओं का प्रकाशन
17.धर्म परिवर्तन:14 अक्टूबर 1956 को नागपुर में अपने लाखों अनुयायियों के साथ बौद्ध धर्म ग्रहण किया
18.सम्मान व उपाधियाँ:
19.भारतरत्न सम्मान: मरणोपरांत 1990 में भारत रत्न से सम्मानित
20.महान विचारक:महिलाओं के अधिकारों के समर्थक
21.मृत्यु: 6 दिसंबर 1956, दिल्ली
22.स्थायी स्मृति स्थल: चैत्यभूमि, दादर, मुंबई



## शब्दार्थ

**विडंबना : उपहास**

**पोषक : समर्थक, पालक, पालनेवाला**

CHHOTI 4 IN 1 CLASSES

CHHOTI 4 IN 1 Classes Online Education



# CLASS 10TH हिन्दी

## 1.श्रम-विभाजन और जाती प्रथा



## (वस्तुनिष्ठ प्रश्न) (प्रैक्टिस सेट)

1. संविधान निर्माता के रूप में कौन जाने जाते हैं?
A) महात्मा गांधी B) पंडित नेहरू
C) डॉ. भीमराव अंबेडकर D) सुभाष चंद्र बोस

2. डॉ. अंबेडकर का पूरा नाम क्या है?
A) भीमराव राव अंबेडकर B) रामजी भीमराव अंबेडकर
C) डॉ. भीमराव रामजी अंबेडकर D) अंबेडकर रामजी

3. डॉ. अंबेडकर का जन्म कब हुआ?
A) 15 अगस्त 1890 B) 26 जनवरी 1892
C) 14 अप्रैल 1891 D) 2 अक्टूबर 1891

4. डॉ. अंबेडकर का जन्म-स्थान कहाँ है?
A) लखनऊ B) नागपुर
C) महू, मध्यप्रदेश D) मुंबई

5. डॉ. अंबेडकर का उपनाम क्या है?
A) गुरुजी B) महामानव
C) राष्ट्र निर्माता D) बाबा साहेब अंबेडकर

6. डॉ. अंबेडकर के पिताजी का नाम क्या है?
A) गोविंद सकपाल B) रामजी सकपाल
C) नारायण सकपाल D) हरिशंकर सकपाल

7. डॉ. अंबेडकर की माता का नाम क्या है?
A) रामाबाई B) लक्ष्मीबाई
C) भीमाबाई D) जानकीबाई

8. डॉ. अंबेडकर किस जाति से थे?
A) ब्राह्मण B) क्षत्रिय
C) महार D) चमार

9. डॉ. अंबेडकर की प्रारंभिक शिक्षा कहाँ पूरी हुई?
A) इंग्लैंड B) अमेरिका
C) भारत D) जापान

10. उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए डॉ. अंबेडकर कहाँ गए थे?
A) लंदन B) न्यूयॉर्क
C) पेरिस D) टोक्यो

11. डॉ. अंबेडकर के तीन मुख्य प्रेरक व्यक्ति कौन थे?
A) गांधी, नेहरू, पटेल B) बुद्ध, कबीर, फुले
C) विवेकानंद, गांधी, सुभाष D) तुलसी, सूर, रहीम

12. "द कास्ट इन इंडिया - देयर मैकेनिज्म" के लेखक कौन हैं?
A) नेहरू B) फुले
C) गाँधी D) डॉ. अंबेडकर

13. "हु आर शूद्राज" के रचनाकार कौन हैं?
A) गांधी B) डॉ. अंबेडकर
C) विवेकानंद D) रविदास

14. "एनिहिलेशन ऑफ कास्ट" के लेखक कौन हैं?
A) महात्मा गांधी B) डॉ. अंबेडकर
C) राममनोहर लोहिया D) ललई सिंह यादव

15. डॉ. अंबेडकर का सम्पूर्ण वाङ्मय कितने खंडों में प्रकाशित हुआ है?
A) 10 B) 15
C) 21 D) 25

16. डॉ. अंबेडकर का विख्यात भाषण कौन-सा है?
A) संसद का भाषण B) जाति का अंत
C) एनिहिलेशन ऑफ कास्ट D) दलित उत्थान

17. "एनिहिलेशन ऑफ कास्ट" का हिंदी रूपांतरण किसने किया?
A) भीमाबाई B) कांशीराम
C) ललई सिंह यादव D) रामस्वरूप वर्मा

18. भारत के पहले कानून मंत्री कौन थे?
A) जवाहरलाल नेहरू B) वल्लभभाई पटेल
C) डॉ. अंबेडकर D) मौलाना आजाद

19. डॉ. अंबेडकर ने 14 अक्टूबर 1956 को किस धर्म को अपनाया?
A) ईसाई B) इस्लाम
C) सिख D) बौद्ध धर्म

20. डॉ. अंबेडकर को किस पुरस्कार से सम्मानित किया गया?
A) पद्मश्री B) नोबेल
C) भारत रत्न D) साहित्य अकादमी

21. डॉ. अंबेडकर को भारत रत्न कब दिया गया?
A) 1956 B) 1980
C) 1990 D) 2000

22. डॉ. अंबेडकर का निधन कब हुआ?
A) 15 अगस्त 1956 B) 26 जनवरी 1956
C) 6 दिसम्बर 1956 D) 2 अक्टूबर 1956

23. डॉ. अंबेडकर की मृत्यु का स्मृति स्थल कहाँ है?
A) दिल्ली B) नागपुर
C) अलीगढ़ D) चैत्यभूमि, दादर, मुंबई

24. छुआछूत और जातिवाद के खिलाफ संघर्ष कर दलितों को अधिकार दिलाने का प्रयास किसने किया?
A) गांधीजी B) सुभाष बोस
C) डॉ. अंबेडकर D) भगत सिंह

25. 'जाति-पांति तोड़क मंडल' भाषण लाहौर में कब हुआ?
A) 1925 B) 1930
C) 1936 D) 1940

26. डॉ. अंबेडकर को उच्च शिक्षा के लिए किसके प्रोत्साहन से न्यूयॉर्क भेजा गया?
A) गांधी B) बड़ौदा नरेश
C) नेहरू D) लाला लाजपत राय

27. डॉ. अंबेडकर ने किस पत्रिका का संपादन किया?
A) मूकनायक B) बहिष्कृत भारत
C) जनवाणी D) जाति विमर्श

28. डॉ. अंबेडकर का जन्म किस प्रकार के परिवार में हुआ?
A) ब्राह्मण B) दलित
C) बनिया D) मुस्लिम

29. "बुद्धिज्म एंड कम्युनिज्म" किसकी रचना है?
A) गांधी B) फुले
C) डॉ. अंबेडकर D) विवेकानंद

30. 'मानव मुक्ति के पुरोधा' किसे कहा गया है?
A) गांधी B) विवेकानंद
C) नेहरू D) डॉ. अंबेडकर

CHHOTI 4 IN 1 CLASSES

31. 'आधुनिक मनु' किसे कहा गया है?
A) गांधी B) अंबेडकर
C) विवेकानंद D) राजेंद्र प्रसाद

32. डॉ. अंबेडकर ने 'बार एट लॉ' की पढ़ाई कहाँ से की?
A) ऑक्सफोर्ड B) हार्वर्ड
C) लंदन D) पेरिस

33. यह किसकी बात है और इस युग में किसके पोषक की कमी नहीं है?
A) समानता B) स्वतंत्रता
C) विडंबना D) भ्रातृत्व

34. समर्थक आधुनिक सभ्य समाज कार्य कुशलता के लिए किसे आवश्यक मान रहा है?
A) जाति प्रथा B) तकनीकी विकास
C) श्रम-विभाजन D) शिक्षा

35. जाति प्रथा किसका दूसरा रूप है?
A) समता B) सामाजिक न्याय
C) श्रम-विभाजन D) आर्थिक विकास

36. जाति प्रथा श्रम विभाजन के साथ-साथ और किसका रूप लिए हुए है?
A) पूंजी विभाजन B) श्रमिक विभाजन
C) जातीय संघर्ष D) भौगोलिक विभाजन

37. भारत की जाति प्रथा की विशेषता क्या है?
A) स्वतंत्रता और समानता
B) अस्वाभाविक विभाजन और ऊँच-नीच
C) न्यायपूर्ण व्यवस्था
D) सामाजिक समरसता

38. कौन मनुष्य के रुचि पर आधारित नहीं है?
A) श्रम का विभाजन B) स्वतंत्र पेशा
C) निजी चुनाव D) आधुनिक शिक्षा

39. कुशल व्यक्ति या सक्षम श्रमिक समाज के लिए हमें क्या करना होगा?
A) जाति प्रथा अपनानी होगी
B) परंपराओं का पालन करना होगा
C) स्वयं पेशा या कार्य का चुनाव कर सके
D) पूर्वजों के कार्य में लगे रहना होगा

40. सक्षम श्रमिक के विपरीत जाति प्रथा का दूषित सिद्धांत क्या है?
A) समान अवसर देना
B) योग्यता का सम्मान करना
C) किसी के प्रशिक्षण अथवा निजी क्षमता जाने बिना पेशा निर्धारित करना
D) स्वतंत्र कार्य चुनने की छूट देना

41. किस सिद्धांत में मनुष्य के रुचि और निजी क्षमता पर विचार किए बिना उसके माता-पिता के सामाजिक स्तर के अनुसार उसका पेशा निर्धारित कर दिया जाता है?
A) आधुनिक सिद्धांत B) शिक्षा-सिद्धांत
C) जाति प्रथा सिद्धांत D) समाजवाद सिद्धांत

42. कौन मनुष्य को जीवन भर के लिए एक ही पेशे में बाँध कर रखती है?
A) शिक्षा प्रणाली B) आधुनिक व्यवस्था
C) जाति प्रथा D) लोकतंत्र

43. किस कारण लोगों को अपना पेशा बदलने की जरूरत पड़ सकती है, और यदि इसकी स्वतंत्रता न हो तो क्या होगा?
A) अधिक कमाई के लिए
B) परिवार के दबाव में
C) अनुपयुक्त या अपर्याप्त पेशा और लोग भूखे मरेंगे
D) सामाजिक मान्यता पाने के लिए

44. हिन्दू धर्म की जाति प्रथा किस प्रकार के पेशा चुनने की अनुमति नहीं देती?
A) जो समाज को पसंद न हो B) जिसमें लाभ न हो
C) जो पैतृक पेशा न हो D) जो धार्मिक हो

45. कौन भारत में बेरोजगारी का एक प्रमुख और प्रत्यक्ष कारण है?
A) जनसंख्या वृद्धि B) अशिक्षा
C) जाति प्रथा D) तकनीकी पिछड़ापन

46. किसे आर्थिक पहलू से भी हानिकारक प्रथा कहा जाता है?
A) दहेज प्रथा B) छुआछूत
C) जाति प्रथा D) बाल-विवाह

47. लेखक के अनुसार आदर्श समाज कैसा होना चाहिए?
A) जातियों पर आधारित B) परंपराओं पर आधारित
C) स्वतंत्रता, समता, भ्रातृत्व पर आधारित D) धर्म पर आधारित

48. भाईचारे का वास्तविक रूप किसके मिश्रण जैसा है?
A) जल और तेल B) दूध और पानी
C) चाय और शक्कर D) रेत और पानी

49. जाति-प्रथा किस दृष्टि से भी गंभीर दोषों से युक्त है?
A) नैतिक दृष्टि से B) धार्मिक दृष्टि से
C) आर्थिक दृष्टि से D) श्रम-विभाजन की दृष्टि से

50. कौन मनुष्य की स्वेच्छा पर निर्भर नहीं है?
A) धर्म B) जाति प्रथा का श्रम विभाजन
C) व्यवसाय D) शिक्षा

51. लोग किस कारण 'निर्धारित' कार्य को 'अरुचि' के साथ केवल विवशतावश करते हैं?
A) धन की आवश्यकता से B) सामाजिक दबाव से
C) जाति प्रथा के श्रम विभाजन के कारण D) शिक्षा की कमी से

52. किस कारणवश मनुष्य दुर्भावना से ग्रस्त रहकर टालू काम करने और कम काम करने को मजबूर हो जाते हैं?
A) कम वेतन के कारण B) सामाजिक भेदभाव के कारण
C) अरुचिकर कार्य करने के कारण D) शिक्षा के अभाव में

53. किस कारणवश काम करने वालों को काम में न दिल लगता है न दिमाग?
A) काम कठिन होने के कारण B) वातावरण खराब होने के कारण
C) अरुचि वाला कार्य होने के कारण D) वेतन कम मिलने के कारण

54. कौन मनुष्य की स्वाभाविक प्रेरणा, रुचि और आत्म-शक्ति को दबाकर उन्हें अस्वाभाविक नियमों में जकड़ कर निष्क्रिय बना देती है?
A) धर्म B) शिक्षा प्रणाली
C) जाति प्रथा D) सरकारी व्यवस्था

55. जाति प्रथा में विडंबना की बात क्या है?
A) इसमें कोई दोष नहीं B) इसका समर्थन करने वाले कम हैं
C) इसके पोषकों की कमी नहीं D) यह अब समाप्त हो चुकी है

CHHOTI 4 IN 1 CLASSES